Use of Disposable Syringes in view of Growing AIDS

3670. SHRI IQBAL SINGH : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :

(a) whether in view of growing threat of AIDS in the country Government propose to make mandatory the use of disposable syringes for injecting medicines in human body in the country; and

(b) if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B, SHANKARANAND) : (a) and (b) Government have already issued comprehensive instructions to all the State/ Union Territories for the control of Hospital infection. These inter-alia include- greater emphasis on the use of disposable syringes and wherever this is not possi ble use of conventional syringes duly sterilised.

विभिन्न अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों की संख्या

3671. श्री मोहम्मद अफजल उर्फ भीम अफजल : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1987-88 और 1991-92 के दौरान लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, सफदरजंग अस्पताल, गुरू तेग बहादुर अस्पताल, गोविन्द बल्लभ पंत अस्पताल और डा० राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली में कार्यरत चिकित्सकों की पृथक-पृथक संख्या कितनी-कितनी थी ;

(ख) वर्ष 1987–88 और 1991–92 के दौरान अस्पतालों में उपचार के लिये आये रोगियों की संख्या पृथक-पृथक कितनी-कितनी थी; और

(ग) वर्ष 1987–88 और 1991-92 के दौरान इन अस्पतालों में रोगियों के लिये पृथक-पृथक कितने-कितने पलंगों की व्यवस्था थी ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द)

(क) से (ग) सूचना उपाबंध में दी गई है ।

उपबन्ध

अस्पताल का नाम	रेजिडेंट डाक्टरों सहित डाक्टरों की संख्या		बहिरंग रोगी विभाग/ अंतरंग रोगी विभाग में उपचार किए गए रोगियों की संख्या		पलंगों की संख्या	
	1987–88	1991–92	1987–88	1991–92	1987–88	1991–92
1	2	3	4	5	6	7
सफदरजंग अस्पताल	534	703	1359750	1930600	1381*	1531*
डा॰ राममनोहर लोहिया अस्पताल	339	339	954120	1091631	929	937
श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल	249	427	403168	478245	775	840
लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल	540**	635**	818730	840700	1345	1345
गुरू तेग बहादुर अस्पताल	256**	376**	534283	680257	463	748
जी॰ बी॰ पंत अस्पताल	185	214	188506	209226	350	365

*बेंत के पालनों सहित

**लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल तथा गुरू तेग बहादुर अस्पताल में सेवा प्रदान करने वाले क्रमशः मौलाना आजाद मेडिकल कालेज तथा यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ मेडिकल साईंसिज के रजिस्टरों में दर्ज संकाय सदस्यों/रेजिडेंटों सहित ।